प्रादेशिक समाचार
05.05.2024 (दोपहर—1455 बजे)

लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इस सिलसिले में प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी आज उत्तर प्रदेश में हैं। वे शाम में अयोध्या जिले में सुग्रीव किला क्षेत्र से लेकर लता चौक तक रोड—शो करेंगे। वे अयोध्या में रामलला के दर्शन भी करेंगे।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नौ मई को झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। गृहमंत्री दस मई को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पक्ष में खूंटी के बिरसा मुंडा कॉलेज ग्राउंड में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उधर इंडी गठबंधन की तरफ से कांग्रेस नेता राहुल गांधी 7 मई को राज्य के दौरे पर आ रहे हैं। वे लोहरदगा और खूंटी लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा करेंगे।

****

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के प्रचार का आज अंतिम दिन है। इस चरण में चुनाव प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। सात मई को दस राज्य और एक केंद्रशासित प्रदेश की 93 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। सभी दलों के नेता अपने—अपने उम्मीदवारों के पक्ष में मतदाताओं को लुभाने के हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

****

राज्य में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में आज पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में दिव्यांगों ने रैली निकाल कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान आम लोगों के बीच पम्पलेट का भी वितरण किया गया। इससे पहले कल शाम शहर के शिवाजी मैदान में स्वीप कार्यक्रम के तहत इलेक्शन फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया गया। इस दौरान 34 से ज्यादा फूड स्टॉल लगाये गये थे, जिनमें मतदान करने को लेकर संदेश लिखे गये थे। बड़ी एलइडी स्क्रीन के जरिये भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। उधर, देवघर जिले में भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी विशाल सागर और पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन भी शामिल हुए।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। इस कड़ी में राज्यसभा सदस्य सह भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक प्रकाश ने हजारीबाग संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान श्री प्रकाश ने दावा किया कि राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत होगी। उन्होंने यह भी दावा किया कि हजारीबाग से श्री जायसवाल रिकार्ड मतों से जीत हासिल करेंगे।

****

गांडेय विधान सभा उपचुनाव के निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश कुमार सिंह को आज गिरिडीह जिले की पुलिस ने गिरफतार कर लिया है। गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि इनके विरुद्ध कई थानों में मामले दर्ज हैं। बेंगाबाद के सीओ ने भी मामला दर्ज कराया था। ये मामले खतियान और जमीन से जुड़े हैं।

****

सिमडेगा जिले में पचासी वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है।

****

रेलवे सुरक्षा बल ने आज ऑपरेशन नारकोस के तहत रांची रेलवे स्टेशन से 55 ग्राम से अधिक ब्राउन शुगर बरामद किया है। इस मामले में एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

****

आईपीएल क्रिकेट में आज पंजाब किंग्स का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। यह मैच अब से थोड़ी देर बाद खेला जाएगा। आज एक अन्य मैच में, लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। ये मैच शाम साढ़े 7 बजे से लखनऊ में होगा।

*******समाप्त********